भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4166**
दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**उच्चतर शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्र**

4166. **श्री शफी परम्बिलः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में अवर स्नातक, स्नातक और शोध अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की सूची का राज्यवार आंकड़ा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने हाल ही में उच्चतर शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या पर ध्यान दिया है; और
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) से (ग) विदेश स्थित मिशनों और केन्द्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनवरी 2024 तक विदेशों में विश्वविद्यालयों और अन्य तृतीयक संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या 1.33 मिलियन थी। विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भारतीय छात्रों का राज्यवार और शैक्षणिक पाठ्यक्रमवार ड ाटा उपलब्ध नहीं है।

भारतीय छात्र विभिन्न कारणों से विदेश जाते रहे हैं, जिनमें शिक्षा के संबंध में व्यक्तिगत विकल्प शामिल है। यह शिक्षा पूरी होने के बाद उनके द्वारा लिए गए निर्णयों में भी परिलक्षित होता है।

*****